## अव्यवस्था के टीकाकरण से बन रही विवाद की स्थिति

# टीकाकरण...गांवों में जोर, शहर में कमजोर





पत्रिका लाइफ स्टोरी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम @ पत्रिका. जिले में टीकाकरण को लेकर अब हालात लड़खड़ा ने लगे हैं। टीकाकरण को लेकर अब प्रशासन का पूरा जोर गांव में है और शहर में हालात कमजोर हो चुके हैं। यही कारण है कि जितने टीके नहीं है उसे कई अधिक संख्या में लोग टीका लगवाने के लिए केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। इतना ही नहीं केंद्रों पर काम करने वाले कर्मचारियों पर जिन लोगों को टीका नहीं लग रहा, वह मनमानी का आरोप भी लगा रहे हैं।

टीकाकरण को लेकर कुछ ऐसे ही हालात शहर से लेकर गांव तक हर जगह नजर आने लगे हैं, जहां केंद्रों पर भीड़ बढ़ने लगी है। बात की जाए रतलाम शहर की तो यहां पर शनिवार को सिर्फ 12 केंद्रों पर टीकाकरण होना था जिसके चलते यहां हजारों की संख्या में लोग टीका लगवाने पहुंचे लेकिन जब उन्हें टीका नहीं लगा तो विवाद की स्थिति बनने की नौबत आ गई। ऐसा ही एक नजारा शहर के अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में भी नजर आया।

जिले भर में शनिवार को 17 हजार से अधिक लोगों का टीकाकरण किया जाना था जिसके लिए विकासखंड वार टीके का आवंटन किया गया था। रतलाम शहर में 2700 से अधिक लोगों का टीकाकरण किया गया। टीकाकरण के दौरान अलकापुरी कम्युनिटी हॉल पर मौजूद लोगों के द्वारा यहां भेदभाव के आरोप लगाए गए। लोगों का कहना है कि हमारे आने के पहले ही यहां पर अपने वालों को टोकन बांट दिए गए। विवाद बढ़ने पर तहसीलदार गोपाल सोनी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाइश दी।

## डीआरएम ऑफिस में सेकंड डोज की कतार

डीआरएम ऑफिस स्थित ऑफिसर क्लब के केंद्र पर दूसरा डोज लगवाने वालों की शनिवार को बड़ी कतार नजर आई। यहां क्लब से लेकर बाहर गेट तक लोग कतार बद्ध होकर अपना नंबर आने का इंतजार कर रहे थे लेकिन टीके इतने नहीं थे कि हर किसी को लग सके। कुछ ही देर में यहां भी टीके खत्म हो गए और लोगों को निराश होकर लौटना पड़ा। दरअसल अब सेकंड डोज लगवाने वालों की संख्या बढ़ रही है।

| | |
|---|---|
| 17936 | कुल टीकाकरण हुआ |
| 12437 | व्यक्ति 18 से 44 वर्ष |
| 5498 | व्यक्ति 45 प्लस |
| 3787 | आलोट |
| 1530 | बाजना |
| 1501 | सैलाना |
| 2963 | जावरा |
| 2180 | पिपलौदा |
| 3240 | रतलाम ग्रामीण |
| 2735 | रतलाम शहर |

पत्रिका। 27/6/21

# हितग्राहियों को थैले में दिया जाएगा निःशुल्क उचित मूल्य राशन

## प्रदेश के 4 करोड़ 81 लाख व्यक्ति होंगे लाभान्वित

प्रसारण न्यूज़ * भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केन्द्र सरकार की ओर से आगामी नवम्बर माह तक प्रदेश के सभी सार्वजनिक वितरण प्रणाली हितग्राहियों को निःशुल्क राशन दिया जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश सरकार एक रुपए किलो उचित मूल्य राशन भी प्रदान करेगी। हितग्राही परिवार के प्रत्येक सदस्य को 5 किलो निःशुल्क राशन और 5 किलो राशन एक रुपए किलो के मूल्य पर मिलेगा। यह राशन हितग्राहियों को 10 किलो के थैले में दिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि योजना के माध्यम से प्रदेश के 4 करोड़ 81 लाख हितग्राही लाभान्वित होंगे। उन्होंने योजना के समुचित क्रियान्वयन के निर्देश अधिकारियों को दिए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना संबंधी बैठक ले रहे थे। बैठक में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री बिसाहूलाल सिंह, सहकारिता, लोक सेवा प्रबंधन मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, प्रमुख सचिव कृषि अजीत केसरी आदि उपस्थित थे।

### हर माह प्रति सदस्य 10 किलो खाद्यान्न

मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना के अंतर्गत प्रतिमाह प्रति व्यक्ति 5 किलो खाद्यान्न गेहूं/चावल एक रुपए किलो में प्रदान किए जाते हैं। साथ ही एक किलो नमक और एक किलो उचित मूल्य शक्कर भी दी जाती है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में नवम्बर तक प्रति सदस्य 5 किलो निःशुल्क खाद्यान्न प्रदान किया जाएगा। इस प्रकार नवम्बर तक हर माह प्रति सदस्य 10 किलो खाद्यान्न दिया जाएगा।

### 25 हजार उचित मूल्य दुकानें, एक करोड़ 13 लाख पात्र परिवार

प्रदेश में कुल 25 हजार 423 उचित मूल्य दुकानें हैं, एक करोड़ 13 लाख पात्र परिवार हैं और 4 करोड़ 81 लाख हितग्राही हैं। खाद्यान्न का मासिक आवंटन 2 लाख 62 हजार मीट्रिक टन, शक्कर का मासिक आवंटन 1450 मी.टन और नमक का मासिक आवंटन 11 हजार 326 मी.टन है।

### अन्न महोत्सव आयोजित होगा

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत शीघ्र ही प्रदेश की हर उचित मूल्य दुकान पर अन्न महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दिन हितग्राहियों को समारोहपूर्वक थैले में रखकर निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा।

प्रसारण

प्रसारण 27/6/21

# केंद्रों पर लंबी कतारें, दोपहर में ही खत्म हो गई वैक्सीन


## टीकाकरण ● शहर में 12 केंद्रों पर 2735 लोगों को लगाया टीका, अलकापुरी सेंटर पर विवाद

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए वैक्सीनेशन को लेकर करीब एक 15 दिन पहले जहां प्रशासन को घर-घर जाकर लोगों को प्रेरित करना पड़ रहा था वहीं अब हालात उलट हो गए हैं। सेंटरों पर डोज की तय संख्या से दो से तीन गुना अधिक लोग पहुंच रहे हैं। इससे भीड़ बढ़ने के साथ ही विवाद भी हो रहे हैं। शनिवार को शहर के अलकापुरी कम्युनिटी हाल पर बनाए सेंटर पर 300 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। दोपहर करीब 12 बजे ही वैक्सीन खत्म होने के बाद शेष बचे लोगों ने टोकन वितरण में गड़बड़ी का आरोप लगाया। हंगामा होने पर तहसीलदार गोपाल सोनी व पुलिस बल मौके पर पहुंचा और लोगों को समझाकर मामला शांत किया।

मालूम हो कि 21 जून से शुरू हुए महाअभियान में जिले में 30 जून तक 1.5 लाख टीके लगाने का लक्ष्य है। इसमें अभी तक 86152 लोगों को टीका लगाया जा चुका है। अभियान के पहले दिन के बाद वैक्सीन की आपूर्ति भी कम हो रही है। शनिवार को 17936 लोगों का टीकाकरण किया गया। इनमें 18 से 44 वर्ष आयु के 12437 व 45 प्लस आयु वर्ग में 5498 लोग शामिल हैं। आलोट विकासखंड में 3787, बाजना में 1530, सैलाना में 1501, जावरा में 2963, पिपलौदा में 2180, रतलाम ग्रामीण में 3240, रतलाम शहर में 2735 व्यक्तियों का टीकाकरण किया गया।


### शत-प्रतिशत टीकाकरण वाला पहला गांव बना पंचेड़

महाअभियान के लक्ष्य में रतलाम ग्रामीण क्षेत्र सबसे आगे है। यहां शनिवार तक तय लक्ष्य का 88.37 प्रतिशत टीकाकरण हुआ है। इसमें भी ग्राम पंचेड़ में सभी नागरिकों को टीके लग चुके हैं।


रतलाम के अलकापुरी कम्युनिटी हाल पर वैक्सीनेशन के लिए लगी भीड़। ● नईदुनिया


एसडीएम अभिषेक गेहलोत को ज्ञापन सौंपते हुए कांग्रेसी। ● नईदुनिया


सैलाना में टीका लगवाती हुईं ज्योति चौहान। ● नईदुनिया



ग्राम बदनारा में टीकाकरण के लिए उमड़ी भीड़ ने शारीरिक दूरी के नियम को तार-तार कर दिया। ● नईदुनिया

संक्रमण दर 0 पर ले आए। टोली के रूप में टीकाकरण के एक दिन पूर्व प्रचार प्रसार कर टोकन वितरण व्यवस्था संभाली। इसके चलते टीकाकरण स्थल पर भीड़ नहीं लगी।

### अव्यवस्था से टीका लगवाने वाले परेशान, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम एसडीएम अभिषेक गेहलोत को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि शहरवासियों के साथ महा वैक्सीनेशन अभियान के नाम पर छलावा किया गया है। अभियान के प्रथम दिन जहां जिले में 152 केंद्र व शहर में सभी 49 वार्डों में केंद्र बनाकर

कारण वापस लौट कर जा रही हैं। भाजपा नेता और कार्यकर्ता जो पहले दिन गले में चुनाव चि- लगाकर केंद्र पर से वाहवाही लूट रहे थे, वह भी सब गायब हो गए हैं। जनता को कोई जवाब देने वाला नहीं बचा। शनिवार को दोनों केंद्रों पर भारी भीड़ और अव्यवस्था रही। यास्मीन शेरानी, रजनीकांत व्यास, राजीव




### महाअभियान में अभी तक टीकाकरण

| ब्लाक | लक्ष्य | टीके लगे |
|---|---|---|
| आलोट | 20000 | 11108 |
| बाजना | 10000 | 5757 |
| सैलाना | 10000 | 7049 |
| जावरा | 20000 | 11213 |
| पिपलौदा | 10000 | 7782 |
| रतलाम ग्रा. | 20000 | 17674 |
| रतलाम शहर | 60000 | 25569 |

### महाअभियान के चार दिन

- 21 जून 38142
- 23 जून 19283
- 24 जून 10791
- 26 जून 17936

### सैलाना में दोपहर में ही लक्ष्य पूरा

सैलाना। नगर में शनिवार को तीन केंद्रों पर टीकाकरण हुआ। बालक उमावि, मांगलिक भवन जूनावास, कुमावत धर्मशाला में में दोपहर तक ही लक्ष्य पूरे हो गया।

# प्रदेश में 90 दिन बाद संडे भी अनलॉक

## अब नाइट कर्फ्यू भी सिर्फ नगरीय क्षेत्रों में रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक

भास्कर न्यूज | भोपाल

कोरोना की दूसरी लहर के थमते ही राज्य सरकार ने रविवार का लॉकडाउन (कोरोना कर्फ्यू) भी खत्म कर दिया। सिर्फ नगरीय क्षेत्रों में रात्रि के नाइट कर्फ्यू को रात 10 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक के लिए बरकरार रखा है। अब गृह विभाग अनलॉक तीन में कुछ और प्रतिबंधों को ढील देने की कवायद में जुट गया है। बता दें कि 27 मार्च 2021 से राज्य सरकार ने भोपाल-इंदौर समेत 11 जिलों के 12 शहरों में रविवार का लॉकडाउन किया था। अब 27 जून से ही इसे खोला गया है।

इधर, कोरोना की समीक्षा में शनिवार को सामने आया कि प्रदेश में नए केस की संख्या अब 46 रह गई है। एक्टिव केस भी सिर्फ 927 बचे हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि कोरोना अब नियंत्रण में है। मध्यप्रदेश देश में 31वें नंबर पर है। सात दिन की पॉजिटिविटी दर 0.1% आई है। रविवार के अनलॉक की जानकारी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ट्वीट करके दी। उन्होंने कहा कि 35 जिलों में एक भी केस नहीं आया है। शनिवार को पॉजिटिविटी दर 0.06 पर पहुंच गई। लिहाजा अब रविवार का लॉकडाउन औचित्यहीन है। सभी लोग अब कोविड प्रोटोकॉल के तहत ही अनलॉक में काम करें। तीसरी लहर की संभावना खत्म नहीं हुई है। अतः लगातार सतर्क रहें।

## 30 प्रतिशत को लगा वैक्सीन का पहला डोज

वैक्सीनेशन अभियान में सीएम ने बताया कि 30 प्रतिशत लोगों को पहली डोज लग गई है। प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों का जल्द से जल्द वैक्सीनेशन होगा। इंदौर में 68 प्रतिशत, भोपाल में 60, शहडोल-उज्जैन में 44, जबलपुर में 41 और ग्वालियर में 40 प्रतिशत पात्र लोगों को वैक्सीन लगा है।

### सलकनपुर बंद रहेगा, सांची आज से खुलेगा

सलकनपुर मंदिर चूंकि अभी तक बंद चला आ रहा है, लिहाजा रविवार को भी वह नहीं खुलेगा। सांची सप्ताह के छह दिन खुल रहा था, अब रविवार को भी खुलेगा। गृह विभाग का कहना है कि अनलॉक फेज दो में जो छूट है, वह रविवार को भी मिलेगी।

# शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए बीएलओ लिस्ट से व्यक्तियों का सत्यापन करेंगे

## कलेक्टर ने वैक्सीनेशन महा अभियान की समीक्षा की

रतलाम । कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले में वैक्सीनेशन महा अभियान की समीक्षा शुक्रवार शाम करते हुए निर्देश दिए कि चुनाव की तर्ज पर आयोजित वैक्सीनेशन अभियान में शत-प्रतिशत लोगों का वैक्सीनेशन किया जाना है। इसके लिए बीएलओ की सूची के आधार पर व्यक्ति सत्यापित किए जाएंगे। सूची से चेक किया जाएगा कि कितने व्यक्ति वैक्सीनेशन से शेष बचे हैं। साथ ही लोगों को घर-घर पर्ची भी दी जाएगी जिसमें बताया जाएगा कि उन्हें अपने वार्ड में किस सेंटर पर वैक्सीनेशन के लिए आना है।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम से चर्चा करते हुए उनके अनुभागो में वैक्सीन के निर्धारित लक्ष्य की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया को निर्देश दिए कि शहर में मास्क नहीं पहनने पर की जाने वाली कार्रवाई में तेजी लाएं। कलेक्टर ने कहा कि शहर में कई सारे व्यक्ति बगैर मास्क नजर आ रहे हैं जो गलत है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे को निर्देश दिए कि कांटेक्ट ट्रेसिंग कार्य के दौरान मरीज से जुड़े अधिकाधिक व्यक्तियों की ट्रेसिंग की जाए। यह भी निर्देशित किया कि जिले के रावटी तथा बाजना क्षेत्रों में वैक्सीनेशन सेंटर्स पर हेल्थ कैंप भी आयोजित किए जाए। कैंप में आयुष्मान कार्ड भी बनाए जाएं।

# रविवार भी कोरोना कर्फ्यू से आजाद

## कोरोना प्रोटोकॉल के साथ खुल सकेंगी दुकानें

**नवभारत न्यूज**

**भोपाल, 26 जून.** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश में कोरोना नियंत्रण में है. ऐसी स्थिति में रविवार का कोरोना कर्फ्यू तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाता है. रात्रि कालीन कोरोना कर्फ्यू पूर्व की तरह जारी रहेगा.

मुख्यमंत्री चौहान ने प्रदेश की जनता से अपील करते हुए कहा है कि कोरोना नियंत्रण में है, लेकिन पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है, इसलिए निश्चिन्त न रहें, पूरी सावधानी रखें, मास्क लगाएं, कोविड अनुरुप व्यवहार करें और कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करें. चौहान ने कहा कि रविवार को दुकानें कोविड प्रोटोकॉल के साथ खोली जा सकेंगी. सीएम शिवराज सिंह चौहान ने आज समीक्षा बैठक में निर्देश दिया है कि रविवार का कोरोना कर्फ्यू तत्काल प्रभाव से खत्म कर दिया जाए.

### नाइट कर्फ्यू जारी रहेगा

वहीं रात्रि में कोरोना कर्फ्यू जारी रहेगा. बता दें कि अभी तक प्रदेश में वीकेंड में लॉकडाउन रहता था, जिसे अब खत्म कर दिया गया है. यानि कल से लॉकडाउन नहीं होगा, व्यापारी अन्य दिनों के हिसाब से दुकाने खोल सकेंगे.



नवभारत 27/6/21

**प्रतिबंध खत्म** कारोबारी आज भी खोल सकेंगे अपने प्रतिष्ठान

# 35 जिलों में कोरोना की 'छुट्टी' अब राज्य में रविवार का कर्फ्यू खत्म

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मध्यप्रदेश में अब रविवार को कोरोना कर्फ्यू नहीं रहेगा। हालांकि नगरीय क्षेत्रों में रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक नाइट कर्फ्यू पहले की तरह जारी रहेगा। कोरोना की समीक्षा के बाद शनिवार को सीएम शिवराज सिंह चौहान ने यह ऐलान किया। इस संबंध में उन्होंने ट्वीट कर कहा, 'मध्यप्रदेश में कोरोना नियंत्रण में है। प्रदेश में अब 35 जिले में एक भी कोविड-19 पॉजिटिव केस नहीं आया है। पहली बार एक्टिव केस की संख्या घटकर एक हजार के नीचे आई है। संक्रमण दर घटकर 0.06 प्रतिशत रह गई है। ऐसी स्थिति में फिलहाल रविवार को भी कर्फ्यू लगाना औचित्यहीन लग रहा है। इसलिए रविवार का कर्फ्यू तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जा रहा है।' सीएम के ऐलान के बाद आज रविवार को बाजार खुल सकेंगे।

इससे पहले कोरोना की समीक्षा करते हुए सीएम ने बताया कि प्रदेश में बीते 24 घंटे में कोरोना के 46 केस रिपोर्ट हुए। वर्तमान में 927 एक्टिव (सक्रिय) केस बचे हैं। यह साफ संकेत है कि कोरोना नियंत्रण में है।

**31** वें नंबर पर पहुंचा प्रदेश संक्रमण में देश में

**07** दिन की पॉजिटिविटी दर 0.1 प्रतिशत है।

हम तत्काल प्रभाव से रविवार के कोरोना कर्फ्यू को समाप्त कर रहे हैं। जिन्हें अपनी दुकानें खोलना हों, आर्थिक गतिविधियां जारी रखना हों, वे नियमानुसार कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए गतिविधियां चालू रख सकते हैं। रात्रिकालीन कोरोना कर्फ्यू पूर्ववत जारी रहेगा। **शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री**





**इंदौर.** शनिवार को इंदौर में कोरोना टीकाकरण के लिए मतदान की तरह कतारें लगीं।

## चिंता: डेल्टा प्लस की, अब 21 लैब में 300 सैंपलों की होगी जांच


बीते तीन दिन में नए वैरिएंट के 22 केस बढ़ गए। चिंता की बात यह है कि ये केस सिर्फ 31 सैंपलों की जांच में मिले हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग जीनोम सिक्वेंसिंग को बढ़ा रहा है। अब होल जीनोम सिक्वेंसिंग (डब्ल्यूजीएस) के लिए 19 आरटीपीसीआर लैब और दो निजी लैब को सेंटिनल सर्विलेंस लैब के तौर पर चिन्हित किया है। शनिवार से हर पखवाड़े सभी जिलों से 20 सेंटिनल लैब को 300 सैंपल भेजे जाएंगे। इनमें से 150 सैंपलों की जांच एनएसडीसी में की जाएगी। स्वास्थ्य आयुक्त आकाश त्रिपाठी ने हर 15 दिन में भेजे जाने वाले सैंपल्स का टारगेट तय किया है।

## शनिवार को 9 लाख के पार पहुंचा टीकाकरण

**मध्यप्रदेश** टीकाकरण में फिर नंबर एक पर पहुंच गया। शनिवार को शाम 6 बजे तक 9 लाख 3 हजार 454 लोगों ने वैक्सीन लगवाई। अब तक टीकाकरण का आंकड़ा 1 करोड़ 97 लाख से ज्यादा हो गया है। 1 करोड़ 73 लाख 76 हजार से अधिक को पहला तो 23 लाख 52 हजार से ज्यादा लोग दोनों डोज ले चुके हैं। इंदौर नंबर एक पर और भोपाल दूसरे नंबर पर है।

### कहां कितने लोगों का टीकाकरण

प्रदेश में 18+ की 30% आबादी को वैक्सीन की पहली डोज लग चुकी है।




पत्रिका 27/6/21

# केंद्रों पर भारी भीड़, पीले चावल देकर बुलाने वाले भी हुए गायब

## दोपहर 12 बजे ही वैक्सीन खत्म : लोगों ने वीडियो वायरल कर कहा - पुलिस हमारी मदद करे

रतलाम | शनिवार को ज्यादातर केंद्रों पर दोपहर 12 बजे ही वैक्सीन खत्म हो गई। ऐसा माहौल देख... पीले चावल लेकर लोगों को न्योता देने वाले केंद्र के 500 मीटर के दायरे में भी नजर नहीं आए। शनिवार को अलकापुरी केंद्र पर दूसरे डोज का टीका लगना था, लेकिन भीड़ ऐसी की धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। लोगों ने वीडियो वायरल कर पुलिस से व्यवस्था संभालने की मांग तक कर डाली। माहौल बिगड़ता देख तहसीलदार गोपाल सोनी मौके पर पहुंचे और लोगों की परेशानी सुनी, यहां लोगों ने विशेष लोगों को सीधे एंट्री देने के भी आरोप लगाए।

### वैक्सीन कहां कितनी

| ब्लॉक | टारगेट | हासिल | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| आलोट | 3500 | 3787 | 108.20 |
| बाजना | 1500 | 1530 | 102.00 |
| सैलाना | 1500 | 1501 | 100.07 |
| जावरा | 3050 | 2963 | 97.15 |
| पिपलौदा | 2000 | 2180 | 109.00 |
| ग्रामीण | 3000 | 3240 | 108.00 |
| शहर | 2590 | 2735 | 105.60 |
| जिला | 17140 | 17936 | 104.64 |

**जावरा को छोड़ सभी केंद्रों पर 100% वैक्सीनेशन :** कुल 17936 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। रतलाम शहर को आलोट और रतलाम ग्रामीण से भी कम वैक्सीन दी गई थी।

**वैक्सीनेशन महाअभियान : विशेष लोगों को दे रहे एंट्री, बाजना बस स्टैंड में भी पुलिस ने संभाली व्यवस्था**



अलकापुरी में भी वैक्सीनेशन को लेकर परेशानी हुई। यहां खासी तादाद में लोग उमड़े और धक्का-मुक्की की स्थिति बनी।

दै. भास्कर 27/6/21

# मास्क नहीं पहनने का बहाना नाकामयाब, भरना पड़ा जुर्माना



नगर निगम तिराहा पर मास्क नहीं पहनने वालों के चालान बनाते हुए कर्मचारी। •नईदुनिया

रतलाम। शहर में कोरोना गाइडलाइन का पालन नहीं कर बगैर मास्क घूमने वालों पर शनिवार शाम से कार्रवाई शुरू की गई। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया दल के साथ निकले और गाइडलाइन का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाई करवाई। इस दौरान निगम अमले ने मास्क का वितरण कर समझाइश भी दी गई।

मालूम हो कि कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शहर में मास्क पहने बगैर लोगों के घूमने पर नाराजगी जताते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए थे। शनिवार शाम करीब छह बजे निगम आयुक्त के नेतृत्व में फ्लैग मार्च नगर निगम कार्यालय परिसर से होते हुए कालेज रोड, नाहरपुरा, डालूमोदी बाजार, गणेश देवरी, चौमुखी पुल, चांदनी चौक, बजाजखाना, शहर सराय आदि स्थानों पर पहुंचा। बगैर मास्क के पाए जाने पर 124 लोगों पर 100-100 रुपये का जुर्माना कर मास्क प्रदान किए गए।

इस दौरान सीएसपी हेमंत चौहान, उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जीके जायसवाल, सहायक यंत्री एमके जैन, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह आदि मौजूद रहे।

# निगम ने 100 मीट्रिक टन से अधिक कचरा जुलवानिया पहुंचाया

रतलाम। शहर में निगम द्वारा सफाई के साथ ही घर-घर से कचरा एकत्रित किया जा रहा हैं। साथ ही नालों सहित नालियों की भी सफाई करवाई जा रही हैं। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे व सड़को व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर पहुंचाया जा रहा है जिसके तहत 25 जून को 101 मिट्रीक टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर पहुंचाया गया। 25 जून शुक्रवार को डम्पर व ट्रेक्टर ट्रॉली से 61805, काम्पेक्टर सूखा कचरा 20440, काम्पेक्टर गीला कचरा 16100 व कन्टेटमेंट मैजिक से 2995 किलो इस तरह कुल 101340 कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पहुंचाया गया।

# नगर निगम ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष व आश्रय स्थल बनाए

रतलाम। अति वृष्टि के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित परिस्थितियों से निपटने एवं आपदा प्रबंधन के लिए निगम स्तर पर की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम मे विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पाबंद किया है।

निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत् जीर्ण-शीर्ण भवनों को चिन्हित किया जाकर भवन स्वामी को नोटिस दिये जाने तथा क्षतिग्रस्त पुलियाओं को चिन्हित कर रेडियम लगाने के निर्देश के साथ जल प्लावन रोकने तथा पानी के बहाव में अवरोध उत्पन्न करने वाले नाला एवं नालियों के अतिक्रमण चिन्हित कर हटाये जाने तथा शहर के नाले नालियों एवं वाल के चेम्बरों पर लगे ढक्कन व फर्सी इत्यादि खुली न रहे इसकी व्यवस्था किये जाने की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग एवं कर्मशाला विभाग को सौंपी है।

आपदा प्रबंधन के उपयोग में आने वाली आवश्यक सामग्री एवं संसाधनों का आंकलन कर उसके भण्डारण की जिम्मेदारी भण्डार रक्षक को सौंपी है साथ ही वर्षा ऋतु में शुद्ध जल की उपलब्धता एवं वितरण के लिये आवश्यक रसायनों की व्यवस्था एवं उपलब्धता तथा पानी निकालने के लिये पम्प आदि की व्यवस्था किये जाने की जिम्मेदारी प्रभारी कार्यपालन यंत्री जलप्रदाय को सौंपी है।

**29 जनवरी को उज्जैन में होगी पहली गवाही**

# नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की फिर शिकायत, ईओडब्ल्यू ने शुरू की जांच

**पत्रिका इंडेप्थ स्टोरी**

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग में पूर्व के समय में हुए बोगस भुगतान के मामले को लेकर भोपाल में हुई शिकायत के बाद संभाग के आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ईओडब्ल्यू ने जांच शुरू कर दी है। इसके लिए 29 जनवरी को पहली गवाही होगी। आरोप है कि बगैर एमआईसी से मंजूरी लिए गए कर्मचारियों को रखा गया था।

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ईओडब्ल्यू के अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बिते वर्षों में फर्जी व बोगस नोटशीट चलाकर कई बार रुपए ले लिए गए। यह तब की बात है जब निगम में मस्टर में भुगतान नगद होता था व बैंक में रुपए नहीं डाले जाते थे। ऐसे में एक ही कर्मचारी के नाम पर कई बार रुपए निकाल लिए गए।



शिकायतकर्ता के अनुसार नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग में इस प्रकार की कई नोटशीट चलाकर कर्मचारी एक ही काम के लिए अलग-अलग दिखाए गए। इनके रुपए भी ले लिए गए। जैसे की अमृत सागर तालाब की सफाई के लिए जनवरी 2012 में पांच से अधिक बार कर्मचारी रखे जाना लिखा गया। बड़ी बात यह की इस कार्य के लिए एमआईसी से मंजूरी नहीं ली गई।

## यह लिखा है शिकायत में

- 3 जनवरी 2012 को 20 श्रमिक की नोटशीट चलाई गई।
- 31 जनवरी 2012 को 20 श्रमिक की नोटशीट चलाई गई।
- जोन नंबर 3 में 20 श्रमिक की नोटशीट 10 जनवरी 2012 को चलाई गई।

**नोट इसी प्रकार कई तारीखों का उल्लेख करके शिकायत की गई है।**

## इनका कहना

### कई गड़बड़ी की है

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ अधिकारियों द्वारा कई प्रकार की आर्थिक गड़बड़ करके शासन को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान पहुंचाया गया है। इसकी शिकायत की गई है। 29 जनवरी को बयान के लिए बुलाया गया है।

**- तरुण खारिवाल,** कोमल नगर, शिकायतकर्ता

### जांच के बाद कह पाएंगे

रतलाम नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की शिकायत मिली है। इस मामले में जांच शुरू कर दी गई है। जांच पूरी होने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

**- पीके व्यास,** निरीक्षक, आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, उज्जैन

पत्रिका 27/6/21

**रतलाम सहित अन्य जिलों की बिंदुवार जानकारी ली**

# तीसरी लहर से बचाव के लिए रहें सतर्क, सीएम ने अधिकारियों को चेताया

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** प्रदेश के साथ रतलाम में कोरोना से हालातों में सुधार हो चुका है। वर्तमान में रतलाम में कभी कभार ही पॉजिटिव मरीज सामने आ रहा है। शुक्रवार से पहले दो दिन तक एक भी पॉजिटिव केस सामने नहीं आया था जो कि राहत की बात रही है। वर्तमान में कोरोना की तीसरी लहर की संभावना को देखते हुए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के द्वारा रतलाम सहित अन्य जिले के अधिकारियों से उनके जिले की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली।

सीएम की इस बैठक में सभी कोविड प्रभारी मंत्री और अधिकारी वर्चुअली सम्मिलित हुए। इसमें मुख्यमंत्री चौहान ने , रतलाम सहित इंदौर, बड़वानी, बैतूल, हरदा, सिंगरौली, छिंदवाड़ा, ग्वालियर और रीवा में आए नए कोरोना प्रकरणों की बिंदुवार जानकारी ली। तीसरी लहर के कारणों को समाप्त करना हमारा लक्ष्य होगा।

सीएम ने कहा कि म्यूकर माइकोसिस का इलाज बहुत महंगा है। गरीब तथा मध्यम वर्गीय परिवारों को इलाज के आर्थिक बोझ से बचाना जरूरी है। अतः शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में म्यूकर माइकोसिस के इलाज की श्रेष्ठ व्यवस्था की जाए। वर्तमान में म्यूकर माइकोसिस के 532 मरीज मेडिकल कॉलेजों में और 200 मरीज निजी अस्पतालों में उपचाररत हैं। कैंसर जैसी गंभीर और अधिक खर्च वाली बीमारियों में मरीज और उसके परिवार को आर्थिक राहत और भावनात्मक संबल देने के लिए आवश्यक मैकेनिज्म विकसित किया जाए। कोरोना संक्रमण के मरीजों के इलाज, उनकी स्थिति, आवश्यक व्यवस्था और उन्हें सहयोग देने आदि की प्रतिदिन समीक्षा की गई।

## रविवार को रतलाम फिर से खुलेगा

**रतलाम.** प्रदेश में अनलॉक की प्रक्रिया के दौरान रतलाम में हालात काबू में आने के बाद एक बार फिर से शहर सहित जिले को अनलॉक कर दिया गया है। शासन के आदेश के बाद प्रशासन ने भी रतलाम को रविवार से अनलॉक का आदेश जारी कर दिया है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि रविवार लॉकडाउन समाप्ति के पश्चात भी मास्क तथा सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। मास्क सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त पूर्व अनुसार नाइट कर्फ्यू जारी रहेगा। रविवार का अनलॉक से जुड़ा आदेश जारी होने के बाद शहर के लोगों ने राहत की सांस ली है।

पत्रिका २७/६/२१

# तीसरी लहर से बचाव के लिए सतर्कता जरूरी, टेस्ट कम नहीं होने देंगे : मुख्यमंत्री

## - रतलाम सहित अन्य जिलों की बिंदुवार जानकारी ली
## - मुख्यमंत्री श्री चौहान ने की कोरोना संक्रमण नियंत्रण की समीक्षा

प्रसारण न्यूज़ • भोपाल/रतलाम

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि शनिवार को प्रदेश में कोरोना के 46 प्रकरण रिपोर्ट हुए हैं। कुल 204 व्यक्ति डिस्चार्ज हुए हैं। वर्तमान में प्रदेश में 927 एक्टिव केस बचे हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि कोरोना अब नियंत्रण में है। मध्यप्रदेश देश में 31 वें नम्बर पर है। सात दिन की पॉजिटिविटी दर 0.1 प्रतिशत है। इस स्थिति के बाद भी प्रदेश में कोरोना के टेस्ट कम नहीं होने दिये जायेंगे। प्रतिदिन 80 हजार टेस्ट आवश्यक रूप से किये जायें।

मुख्यमंत्री श्री चौहान कोरोना संक्रमण नियंत्रण की समीक्षा बैठक को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग भी बैठक में उपस्थित थे। बैठक में सभी कोविड प्रभारी मंत्री और अधिकारी वर्चुअली सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इंदौर, बड़वानी, बैतूल, हरदा, सिंगरौली, छिंदवाड़ा, ग्वालियर, रतलाम और रीवा में आये गए कोरोना प्रकरणों की बिंदुवार जानकारी ली।

**तीसरी लहर के कारणों को समाप्त करना है हमारा लक्ष्य :** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि तीसरी लहर की संभावना खत्म नहीं हुई है। अतः लगातार सतर्क रहने के लिए अधिक से अधिक टेस्ट आवश्यक हैं। प्रदेश के कोने-कोने में टेस्टिंग और ट्रेसिंग से तत्काल संक्रमण की पहचान और उस पर नियंत्रण संभव होगा। हमारा प्रयास यह हो कि हम संक्रमण के प्रत्येक प्रकरण के कारणों की पहचान करें। इससे सभी सावधानी बरती जा सकेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में तीसरी लहर के कारणों को समाप्त करना हमारा लक्ष्य होगा।

**म्यूकर माइकोसिस के इलाज में परिवारों को राहत देना जरूरी :** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि म्यूकर माइकोसिस का इलाज बहुत महंगा है। गरीब तथा मध्यम वर्गीय परिवारों को इलाज के आर्थिक बोझ से बचाना जरूरी है। अतः शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में म्यूकर माइकोसिस के इलाज की श्रेष्ठ व्यवस्था की जाये। समीक्षा में बताया गया कि वर्तमान में म्यूकर माइकोसिस के 532 मरीज मेडिकल कॉलेजों में और 200 मरीज निजी अस्पतालों में उपचाररत हैं।

**गंभीर और खर्चीली बीमारियों में मरीज और परिवार का सहयोग आवश्यक :** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर और अधिक खर्च वाली बीमारियों में मरीज और उसके परिवार को आर्थिक राहत और भावनात्मक संबल देने के लिए आवश्यक मेकेनिज्म विकसित किया जाए। कोरोना संक्रमण के मरीजों के इलाज,उनकी स्थिति, आवश्यक व्यवस्था और उन्हें सहयोग देने आदि की प्रतिदिन समीक्षा की गई। पीड़ित मरीजों और परिवारों को राहत प्रदान की गई। इसी प्रकार किडनी की समस्या, बायपास सर्जरी, थैलेसीमिया जैसी गंभीर और खर्चीली बीमारियों से ग्रस्त मरीजों और परिवारों की नियमित मानीटरिंग की व्यवस्था स्थापित की जाए और उन्हें सहयोग प्रदान किया जाये।

प्रसारण

## प्रदेश की 30 प्रतिशत जनसंख्या को लग चुकी है टीके की पहली डोज

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह शुभ संकेत है कि प्रदेश में टीकाकरण को लेकर भय और भ्रम दूर हुआ है। लोग स्वयं टीकाकरण के लिए आगे आ रहे हैं। प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों का जल्द से जल्द टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने होंगे। समीक्षा में जानकारी दी गई कि 18 वर्ष से अधिक आयु की 30 प्रतिशत पात्र जनसंख्या को टीके की पहली डोज लग चुकी है। इंदौर में 68 प्रतिशत, भोपाल में 60 प्रतिशत, शहडोल और उज्जैन में 44 प्रतिशत, जबलपुर में 41 प्रतिशत और ग्वालियर में 40 प्रतिशत पात्र जनसंख्या को टीके की पहली डोज लगाई जा चुकी है। टीकाकरण महाअभियान में 21 से 25 जून तक इंदौर में 4 लाख 46 हजार 445, भोपाल में 2 लाख 60 हजार 633, उज्जैन में एक लाख 94 हजार 28 और जबलपुर में एक लाख 69 हजार 191 डोजेज लगाई गईं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पन्ना, दमोह, झाबुआ, मंडला, सीधी, बड़वानी, छिंदवाड़ा, सतना, भिंड, टीकमगढ़, खरगोन, अलीराजपुर, अनूपपुर, छतरपुर, मुरैना और आगर जिलों में टीकाकरण को गति देने के निर्देश दिए।

प्रसारण 27/6/21

शहर के कई वैक्सीनेशन सेंटरों पर लोग हुए परेशान, जल्दी खत्म हो गई वैक्सीन

# वैक्सीन लगवाने के लिए लगी भीड़ लेकिन अधिकतर लौटे खाली हाथ

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

कोरोना से बचाव के लिए आम लोगों को शत-प्रतिशत वैक्सीनेट करने के अभियान में वैक्सीन की कमी रोड़े अटका रही है। वैक्सीनेशन महाभियान के तहत शनिवार को शहर से लेकर गांव तक के केंद्रों में वैक्सीन की कमी के चलते कतारों में लगे लोगों को मायूस होकर लौटना पड़ा। कई स्थानों पर लोगों का शासकीय कर्मचारियों से विवाद भी हुआ।

वैक्सीन की कमी के चलते उत्साह के बावजूद वैक्सीनेशन की रफ्तार स्वतः धीमी हो गई है। 21 जून से प्रारंभ किए गए वैक्सीनेशन महाभियान में अब तक जिले के लोगों ने बढ़चढ़कर भाग लिया है। पहले ही दिन तय लक्ष्य से अधिक करीब 37 हजार लोगों ने टीके लगवाए थे। अमूमन एक दिन छोड़कर एक दिन हुए टीकाकरण में सभी केंद्रों पर लोगों का उत्साह देखने को मिल रहा है। परंतु वैक्सीन की कमी के चलते टीका लगवाना चाह रहे कई लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। खासकर शनिवार को वैक्सीन कमी के चलते शहर और आसपास के कुछ अन्य सेंटरों पर खासी दिक्कतें हुईं। केंद्रों पर भीड़ होने से सोशल डिस्टेंसिंग गायब हो गई और कई लोगों ने तो गर्मी के कारण मास्क भी उतारे रखे। कई केंद्रों पर पीने के पानी और शौचालय के लिए भी लोग परेशान दिखे।



## कांग्रेस ने अभियान को बताया-जनता के साथ छलावा

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम




वैक्सीन की कमी को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन एसडीएम अभिषेक गहलोत को सौंपा। इसमें कहा गया कि जनता के साथ महा वैक्सीनेशन अभियान के नाम पर छलावा किया गया है। पहले दिन 152 केंद्र एवं शहर में सभी 49 वार्डों में केंद्र बनाकर वैक्सीनेशन किया गया, लेकिन अब 4 दिनों से या तो वैक्सीन नहीं लगाई गई या फिर इक्का-दुक्का केंद्रों पर लगाई गई। आगामी लहर को देखते हुए जनता वैक्सीनेट होना चाहती है, लेकिन टीके नहीं मिल रहे हैं। भाजपा नेता और कार्यकर्ता पहले दिन घर-घर पहुंचे, लेकिन अब कम वैक्सीन पर कुछ बोल तक नहीं रहे। केंद्रों पर भीड़ और अव्यवस्था हो रही है। ऐसे में केंद्र और राज्य सरकार को पर्याप्त वैक्सीन उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए जाएं। इस दौरान अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, यास्मिन शेरानी, रजनीकांत व्यास, राजीव रावत, विजय सिंह चौहान, मीना बग्गा, नीशा विजय, सुजीत उपाध्याय, जोएब आरिफ, अनिल पुरोहित, जसपाल बग्गा, वंदना अनिल पुरोहित आदि उपस्थित थे।

## ज्यादातर टीकाकरण केंद्रों पर 300 से 400 डोज ही पहुंचे जबकि हर केंद्र पर पांच सौ से ज्यादा लोग पहुंचे

शहर में वेद व्यास कॉलोनी स्थित सूरजहॉल, मोहन नगर संत कंवरराम धर्मशाला, जैन स्कूल बाजना बस स्टैंड, अलकापुरी आदि अधिकतर केंद्रों पर 300-400 डोज ही पहुंचे। यहां आपदा नियंत्रण दल के सदस्यों द्वारा बांटे गए चावल और मुहीम से प्रेरित होकर लगभग हर केंद्र पर 500 से हजार की संख्या में लोग टीका लगवाने पहुंचे। ऐसे में घंटों कतार में लगने के बाद भी आधे से ज्यादा लोगों को खाली लौटना पड़ा। सूरजहॉल, मोहननगर, जैन स्कूल में लोगों का आपस में कतार में आगे-पीछे खड़े होने को लेकर तो कभी अन्य बातों पर विवाद भी होता रहा। जैन स्कूल में टीकाकरण में लगे शासकीय कर्मचारियों से भी लोगों ने टीका खत्म होने पर विवाद किया। लोगों का कहना था कि उन्हें पर्ची मिली थी जिस पर दिन और समय लिखा इसके बावजूद उन्हें खाली लौटना पड़ा। कई लोगों ने बताया कि वो लोग टीके की दूसरी डोज लगवाने के लिए 3-4 दिनों से परेशान हैं, परंतु टीके जल्द खत्म होने से नंबर नहीं आ रहा है।

# संडे लॉक डाउन भी खत्म : सिर्फ नाइट कर्फ्यू जारी रहेगा, आज खुलेंगे सभी बाजार



**प्रसारण न्यूज़ • भोपाल**

मध्य प्रदेश में अब संडे लॉक डाउन भी खत्म कर दिया गया है। लोग रविवार को भी सामान्य तरीके से आवाजाही कर सकेंगे और बाजार भी खुले रहेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोरोना काबू में है। 35 जिले ऐसे हैं, जहां एक भी पॉजिटिव केस नहीं आया है। पॉजिटिविटी दर घटकर 0.06 [illegible] रह गई है। शिवराज ने बताया कि पहली बार ऐसा हुआ है कि एक्टिव केस घटकर एक हजार के नीचे पहुंच गए हैं। ऐसी स्थिति में रविवार का कोरोना कर्फ्यू तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाता है। पूरे प्रदेश में रोजाना का नाइट कर्फ्यू पहले की तरह जारी रहेगा। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद अब कल रविवार को भी बाजार खुलेंगे। यानी अब बाजार पूरे सप्ताह रोजाना रात 8 बजे तक खुलेगा, जबकि नाइट कर्फ्यू रात 10 बजे से 6 बजे तक सभी दिनों में पूर्ववत् लागू रहेगा। साथ ही रविवार को दुकानें कोविड प्रोटोकॉल के साथ खोली जा सकेंगी। तीसरी लहर के लिए अस्पतालों में व्यवस्था बनाने का काम लगातार जारी है। वैक्सीनेशन में आज मध्यप्रदेश ने फिर रिकॉर्ड बनाया है। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना नियंत्रण में है, लेकिन पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। इस कारण निश्चिंत न रहें, मास्क लगाएं और गाइडलाइन का पालन जरूर करें।

प्रसारण २७/६/२१

**मुख्यमंत्री ने की घोषणाः** रविवार को कोई बंदिश नहीं, सिर्फ रात्रिकालीन कर्फ्यू जारी रहेगा

# संडे लॉकडाउन भी खत्म

## सक्रिय मामले एक हजार से नीचे आए

दबंग रिपोर्टर ▸ भोपाल

मध्यप्रदेश में अब रविवार का लॉकडाउन भी खत्म कर दिया गया है। लोग दुकानें खोल सकेंगे और सामान्य आवाजाही हो सकेगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसकी घोषणा शनिवार सोशल मीडिया पर की। मुख्यमंत्री ने शनिवार को कहा कि राज्य में कोरोना संबंधी स्थितियां नियंत्रण में होने के कारण रविवार को कोरोना कर्फ्यू नहीं रहेगा। यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

मुख्यमंत्री चौहान ने ट्वीट में लिखा- मध्यप्रदेश में कोरोना नियंत्रण में है, प्रदेश में अब 35 जिले में एक भी कोविड पॉजीटिव केस नहीं है। पहली बार एक्टिव केस की संख्या घटकर एक हजार के नीचे आई है। हमारी पॉजिटिविटी दर (संक्रमण दर) घटकर 0.06 प्रतिशत रह गई है। ऐसी स्थिति में फिलहाल रविवार को भी कोरोना कर्फ्यू लगाना औचित्यहीन लग रहा है, लेकिन रात्रिकालीन कोरोना कर्फ्यू यथावत जारी रहेगा।

**आर्थिक गतिविधियां जारी रखें, कोविड प्रोटोकॉल का करना होगा पालन**



चौहान ने लिखा- हम तत्काल प्रभाव से रविवार के कोरोना कर्फ्यू को समाप्त कर रहे हैं। जिन्हें अपनी दुकानें खोलना हो, आर्थिक गतिविधियां जारी रखना हों, वे नियमानुसार कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए अपनी गतिविधियां चालू रख सकते हैं। मध्यप्रदेश में दूसरी लहर के प्रकोप के चलते अप्रैल और मई माह में सभी 52 जिलों में लॉकडाउन था। एक जून से धीरे धीरे कोरोना कर्फ्यू में रियायतें देना प्रारंभ किया गया था। अब स्थितियां सामान्य होती नजर आ रही हैं।

## कोरोना से निपटने में जन-सहयोग और निजी क्षेत्र की भागीदारी महत्त्वपूर्ण

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर का सामना करने के लिए प्रदेश में आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। जन-सामान्य को कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शिवराज ने रायसेन जिले के मंडीद्वीप में ल्यूपिन फाउंडेशन द्वारा स्थापित कोविड केयर सेंटर के



वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम को निवास से संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम को लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने भी संबोधित किया। भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा, सिलवानी विधायक रामपाल सिंह और ल्यूपिन फाउंडेशन के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सीताराम गुप्ता ने भी अपने विचार रखे।

## मप्र में एक दिन में लगे नौ लाख से अधिक वैक्सीन डोज

वैक्सीनेशन महाअभियान के तहत एक दिन में रिकार्ड 16 लाख 91 हजार से अधिक वैक्सीन लगाकर रिकार्ड दर्ज करवाने वाले मध्यप्रदेश में शनिवार शाम तक 9 लाख 3 हजार से अधिक कोरोनारोधी वैक्सीन के डोज लगाए जा चुके हैं। राज्य में वैक्सीनेशन अभियान से जुड़े सूत्रों के अनुसार शनिवार को भी मध्यप्रदेश देश में वैक्सीन लगाने के मामले में अव्वल है। ये आंकड़ा शाम लगभग पांच बजे का है और इसके बाद भी वैक्सीन लगाने का कार्य राज्य में जारी था। सूत्रों के अनुसार राज्य के 52 जिलों में शनिवार को 5749 सरकारी केंद्रों और 23 निजी केंद्रों पर वैक्सीन लगाने का कार्यक्रम चलाया। राज्य में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को एक दिन में रिकॉर्ड 16 लाख 91 हजार से अधिक डोज नागरिकों को लगाए गए। राज्य में 16 जून से प्रारंभ हुए अभियान में अब तक कम से कम 1 करोड़ 90 लाख से अधिक डोज नागरिकों को लगाए गए हैं।

दबंग दुनीया 27/6/21

# टीकाकरण केंद्रों पर उमड़ रही भीड़, प्रशासन नहीं करवा पा रहा सामाजिक दूरी का पालन

रतलाम ● स्वदेश समाचार

जिले भर में टीकाकरण के लिए व्यापक अभियान चलाया गया है, लेकिन देखने में आया है कि सामाजिक दूरी का पालन नहीं हो रहा है और ना ही टीकाकरण केंद्रों पर पर्याप्त व्यवस्था की गई है। शिकायत है टीकाकरण केंद्रों पर भीड़ उमड़ रही है लेकिन उतनी मात्रा में टीका नहीं है। लोगों को घंटे धूप में खड़े रहने के बाद घर लौटना पड़ रहा है और वह भी बिना टीका लगाए।

**धूप में खड़े रहना पड़ता-** जनशक्ति संयोजक राधावल्लभ खण्डेलवाल ने भी इस संबंध में प्रशासन को शिकायत की है। उन्होंने जारी बयान में बताया कि टीकाकरण हेतु नागरिक कई दिन से चक्कर लगा रहे है। 3-4 घंटे धूप में खड़े रहते है बाद में उनको कह दिया जाता है कि टीके खत्म हो गए।

**केन्द्रों पर मनमानी-** हर टीकाकरण केन्द्र पर मनमानी व्यवस्था रहती है। नागरिक लाइन में रहते है। व्यवस्था केन्द्र से संबंधित लोग बिना लाइन में लगे अन्दर जाकर टीका लगवा लेते है। पहले भी प्रशासन को इस बात से अवगत करा दिया गया था फिर भी आज डीआरएम कार्यालय में यही हुआ, वरिष्ठ नागरिक घंटों धूप में खड़े रहे एवं बाद में बिना टीका लगाए लौटना पड़ा।

श्री खण्डेलवाल ने कहा कि नगर में अनेक विद्यालय-महाविद्यालय है जहां बड़े-बड़े हाल, बरांदे है, बैठने के लिए कुर्सी बैंच की व्यवस्था है अभी इनका उपयोग भी नहीं हो रहा है फिर क्यों नागरिकों को धूप में खड़े रहने को मजबूर किया जा रहा है?





टीकाकरण केन्द्र पर सोशल डिस्टेन्स का पालन भी नहीं हो रहा है, इसका पालन नहीं होने पर नागरिकों पर भारी जुर्माना जबकि प्रशासन खुद पालन नहीं करवा पा रहा है यह कहां तक उचित है? जनशक्ति संस्था ने जिलाधीश कुमार पुरुषोत्तम से विशेष अनुरोध किया है कि उपरोक्त संदर्भ में व्यवस्था सुनिश्चित करे टीकाकरण केन्द्र पर पीने का स्वच्छ पानी तथा सुविधा घर के साथ पर्याप्त मात्रा में टीके की व्यवस्था होना चाहिए ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। संस्था जनशक्ति द्वारा नगर विधायक चैतन्य काश्यप को भी समस्या से अवगत कराते हुए निराकरण की अपेक्षा की।

## टीकाकरण महा अभियान के नाम से जनता के साथ छलावा बंद हो

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया के नेतृत्व में ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि शहर की जनता के साथ महा टीकाकरण अभियान के नाम पर छलावा किया गया है। अभियान के प्रथम दिन जहां जिले में 152 केंद्र एवं शहर में सभी 49 वार्डों में केंद्र बनाकर टीकाकरण किया गया, वहीं दूसरे दिन पूरे अभियान की हवा निकल गई। विगत 4 दिनों से या तो टीका नहीं लगाया या फिर इक्का-दुक्का केंद्रों पर लगाया गया। आगामी लहर को देखते हुए जनता जागरूक होकर लगाना चाहती है लेकिन प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण वापस लौट कर जा रही है। भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ता जो पहले दिन गले में चुनाव चिन्ह लगाकर केंद्र पर से वाहवाही लूट रहे थे वह भी सब गायब हो गए जनता को कोई जवाब देने वाला नहीं बचा। आज दिनांक को भी दोनों केंद्रों पर भारी भीड़ और अव्यवस्था रही ऐसे में पुलिस प्रशासन को व्यवस्था संभाली पड़ी। ऐसी अवस्था में राष्ट्रपति से अनुरोध है शीघ्र ही टीका केंद्र पर टीके उपलब्ध कराने की निर्देश देवें जिससे जनता लाभान्वित हो सके और आने वाली लहर का असर कम रहे। ज्ञापन देते वक्त काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## टोकन वितरण के बाद भी टीके नहीं लगे

पत्रकार रितेश मेहता को मिली एक जानकारी को उन्होंने कलेक्टर को मैसेज किया, जिसमें उन्होंने कहा कि कोविड टीकाकरण करने को लेकर चल रही अनियमितताओं कि और आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। टीकाकरण के संबंध में आज रतलाम शहर के अलकापुरी, कम्युनिटी हॉल में एक टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया जहां टीकाकरण हेतु लगभग 300 टोकन वितरित किए गए कहा गया था कि 150 सुबह लगाएंगे और 150 शाम को लगाएंगे। पब्लिक लगातार धूप में खड़ी रही, टीकाकरण करवाने वाले लोगों द्वारा अपने परिजनों या मिलने वालो को टीकाकरण कर दिया गया। जो लोग धूप में खड़े अपनी बारी आने का इंतजार करते रहे उनको दोपहर बाद मना कर दिया गया कि टीके खत्म हो गए जब टॉरगेट 300 लोगों को लगाने के लिए टोकन वितरण किए गए तो इन लोगों का नंबर क्यों नहीं आया, आपबीती एक व्यक्ति द्वारा मुझे मैसेज किया गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी को कई बार फोन किया गया लेकिन उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया। यदि इस प्रकार से कार्य चलते रहे तो शहर में टीकाकरण की स्थिति क्या हो सकती है। आप स्वयं संज्ञान ले। स्वदेश

स्वदेश। 27/6/21

## 17 हजार 936 व्यक्तियों का टीकाकरण हुआ

रतलाम। कोविड-वैक्सीन महा अभियान के तहत शनिवार 26 जून को जिले में टीकाकरण कैंप आयोजित किए गए। इस दौरान 17 हजार 936 व्यक्तियों का टीकाकरण किया गया। इनमें 18 से 44 वर्ष आयु समूह के 12 हजार 437 व्यक्ति सम्मिलित है। 45 प्लस आयु वर्ग में 5 हजार 498 व्यक्तियों का टीकाकरण किया गया।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि 26 जून को जिले के आलोट विकासखंड में 3 हजार 787 व्यक्तियों का टीकाकरण किया गया। इसी प्रकार बाजना में 1530, सैलाना में 1501, जावरा में 2963, पिपलौदा में 2180, रतलाम ग्रामीण में 3240, रतलाम शहर में 2735 व्यक्तियों का टीकाकरण किया गया।

## 17 हजार 936 व्यक्तियों का टीकाकरण हुआ

रतलाम। कोविड-वैक्सीन महाअभियान के तहत शनिवार 26 जून को जिले में टीकाकरण कैंप आयोजित किए गए। इस दौरान 17 हजार 936 व्यक्तियों का टीकाकरण किया गया। इनमें 18 से 44 वर्ष आयु समूह के 12 हजार 437 व्यक्ति सम्मिलित है। 45 प्लस आयु वर्ग में 5 हजार 498 व्यक्तियों का टीकाकरण किया गया। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि 26 जून को जिले के आलोट विकासखंड में 3 हजार 787 व्यक्तियों का टीकाकरण किया गया। इसी प्रकार बाजना में 1530, सैलाना में 1501, जावरा में 2963, पिपलोदा में 2180, रतलाम ग्रामीण में 3240, रतलाम शहर में 2735 व्यक्तियों का टीकाकरण किया गया।

## मेडिकल कॉलेज में 15 पेशेंट उपचाररत

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज स्थित हॉस्पिटल में की स्थिति में केवल 15 पेशेंट भर्ती हैं, जिनमें से 5 कोरोना पॉजिटिव हैं तथा शेष अन्य समस्याओं वाले हैं। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मेडिकल कॉलेज से 1 मरीज को डिस्चार्ज किया गया तथा 1 नया मरीज भर्ती हुआ। 550 बेड के अस्पताल में आईसीयू के 56 बैड में से 12 पर पेशेंट भर्ती हैं। एचडीयू के 172 बेड पूरी तरह रिक्त हैं। ऑक्सीजन बैड 180 हैं जिनमें से 4 पर पेशेंट भर्ती है। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 पूरी तरह रिक्त हैं। हॉस्पिटल में 535 बैड्स रिक्त हैं। रेमडेसिविर की स्थिति के अनुसार टोटल रिसीव 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कंज्यूम्ड 5967, करंट स्टॉक 56 है।

## 17 हजार 936 व्यक्तियों का टीकाकरण हुआ

रतलाम। कोविड-वैक्सीन महा अभियान के तहत शनिवार 26 जून को जिले में टीकाकरण कैंप आयोजित किए गए। इस दौरान 17 हजार 936 व्यक्तियों का टीकाकरण किया गया। इनमें 18 से 44 वर्ष आयु समूह के 12 हजार 437 व्यक्ति सम्मिलित है। 45 प्लस आयु वर्ग में 5 हजार 498 व्यक्तियों का टीकाकरण किया गया। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि 26 जून को जिले के आलोट विकासखंड में 3 हजार 787 व्यक्तियों का टीकाकरण किया गया। इसी प्रकार बाजना में 1530, सैलाना में 1501, जावरा में 2963, पिपलोदा में 2180, रतलाम ग्रामीण में 3240, रतलाम शहर में 2735 व्यक्तियों का टीकाकरण किया गया।

## मेडिकल कॉलेज में 15 पेशेंट उपचाररत

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज स्थित हॉस्पिटल में स्थिति में केवल 15 पेशेंट भर्ती हैं, जिनमें से 05 कोरोना पॉजिटिव है तथा शेष अन्य समस्याओं वाले हैं। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज मेडिकल कॉलेज से 1 मरीज को डिस्चार्ज किया गया तथा 1 नया मरीज भर्ती हुआ। 550 बेड के अस्पताल में आईसीयू के 56 बैड में से 12 पर पेशेंट भर्ती है। एचडीयू के 172 बेड पूरी तरह रिक्त है। ऑक्सीजन बैड 180 हैं जिनमें से 4 पर पेशेंट भर्ती है। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 पूरी तरह रिक्त है। हॉस्पिटल में 535 बैड्स रिक्त है। रेमडेसिविर की स्थिति के अनुसार टोटल रिसीव 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कंज्यूम्ड 5967, करंट स्टॉक 56 है।

## जिले में तीन नए पाजिटिव मिले और 16 डिस्चार्ज

रतलाम। जिले में शनिवार को तीन नए पाजिटिव केस सामने आए। 16 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 96 है। जिले में अब तक 17474 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 17067 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 311 है।

शासकीय मेडिकल कालेज स्थित हास्पिटल में शनिवार की स्थिति में केवल 15 पेशेंट भर्ती हैं। इनमें से पांच कोरोना पाजिटिव तथा शेष अन्य समस्याओं वाले हैं। मेडिकल कालेज के डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मेडिकल कालेज से एक मरीज को डिस्चार्ज किया गया तथा एक नया मरीज भर्ती हुआ। 550 बेड के अस्पताल में आइसीयू के 56 बेड में से 12 पर पेशेंट भर्ती हैं। एचडीयू के 172 बेड पूरी तरह रिक्त हैं। आक्सीजन बेड 180 हैं। इनमें से चार पर पेशेंट भर्ती हैं। नान आक्सीजन बेड 142 पूरी तरह रिक्त हैं। हास्पिटल में 535 बेड रिक्त हैं। रेमडेसिविर की स्थिति के अनुसार टोटल रिसीव 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कंज्यूम्ड 5967, करंट स्टाक 56 है।

## वार्ड प्रभारी प्रेमचन्द पथरोड को सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना पत्र जारी

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के
निर्देशानुसार वार्ड क्रमांक 5 में नालियों एवं अन्य स्थलों पर
गंदगी पाये जाने पर वार्ड प्रभारी प्रेमचन्द पथरोड का एक
दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का
सूचना पत्र जारी किया गया।

## खुले में गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर 14 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम
रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे
दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर
को गंदा करते है, उन पर लगाम लगाने हेतु स्पॉट फाईन दल
द्वारा संबंधितो पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है,
जिसके तहत 24 जून को 7 दुकानदारो पर जुर्माना किया
गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पॉट
फाईन दल द्वारा श्रीराम, मोहन, व्यास खैराती, शिरोमणी,
कॉलेज रोड, न्यू लक्की, राज कांच वाला, गुरूकृपा महू रोड,
आनन्दश्री, श्री साईनाथ महू रोड बस स्टैण्ड, जगन
दौलतगंज, शबनम, सरिता घास बाजार, विनीट ऑटो पार्ट्स
लोकेन्द्र टॉकीज, पवन चौरसिया जैल रोड द्वारा गंदगी करने
पर 100-100 रूपए का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी
ना करने की समझाईश दी।

नगर निगम द्वारा नागरिको से भी अपील की जाती है कि
शहर को गंदा करने वाले नागरिको, दुकानदारों आदि की
जानकारी स्पॉट फाईन दल के मनोज टांक मो.नं.
7000848456, पवन झांझोट मो.नं. 7000128812,
आकाश शिन्दे मो.नं. 9424075393, 7724981736
मनोज झांझोट मो.नं. 6268449110, राकेश ललावत
मो.नं. 7000128812 को देकर नगर को साफ-स्वच्छ
बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## 87 टन कचरा जुलवानिया पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। शनिवार को 87 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डम्पर व ट्रैक्टर-ट्रॉली से 48055, काम्पेक्टर सूखा कचरा 23245, काम्पेक्टर गीला कचरा 15000, मैजिक से 1140 किलो इस तरह कुल 87440 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

### छह मवेशियों को गोशाला भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 993 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। शनिवार को दीनदयालनगर, बाजना बस स्टैंड, हाट रोड क्षेत्र से छह मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए।

## वार्ड प्रभारी को नोटिस जारी

रतलाम. शहर में गंदगी पाए जाने पर नगर निगम के वार्ड प्रभारी को नोटिस देने का क्रम जारी है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार वार्ड क्रमांक 5 में नालियों एवं अन्य स्थलों पर गंदगी पाये जाने पर वार्ड प्रभारी प्रेमचन्द पथरोड का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना पत्र जारी किया गया है।

## वार्ड प्रभारी प्रेमचन्द पथरोड को सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना पत्र जारी

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार वार्ड क्रमांक 5 में नालियों एवं अन्य स्थलों पर गंदगी पाये जाने पर वार्ड प्रभारी प्रेमचन्द पथरोड का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना पत्र जारी किया गया।

जाकर लोगों को प्रेरित करना पड़ रहा था वहीं अब हालात उलट हो गए हैं। सेंटरों पर डोज की तय संख्या से दो से तीन गुना अधिक लोग पहुंच रहे हैं। इससे भीड़ बढ़ने के साथ ही विवाद भी हो रहे हैं। शनिवार को शहर के अलकापुरी कम्युनिटी हाल पर बनाए सेंटर पर 300 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। दोपहर करीब 12 बजे ही वैक्सीन खत्म होने के बाद शेष बचे लोगों ने टोकन वितरण में गड़बड़ी का आरोप लगाया। हंगामा होने पर तहसीलदार गोपाल सोनी व पुलिस बल मौके पर पहुंचा और लोगों को समझाकर मामला शांत किया।

मालूम हो कि 21 जून से शुरू हुए महाअभियान में जिले में 30 जून तक 1.5 लाख टीके लगाने का लक्ष्य है। इसमें अभी तक 86152 लोगों को टीका लगाया जा चुका है। अभियान के पहले दिन के बाद वैक्सीन की आपूर्ति भी कम हो रही है। शनिवार को 17936 लोगों का टीकाकरण किया गया। इनमें 18 से 44 वर्ष आयु के 12437 व 45 प्लस आयु वर्ग में 5498 लोग शामिल हैं। आलोट विकासखंड में 3787, बाजना में 1530, सैलाना में 1501, जावरा में 2963, पिपलौदा में 2180, रतलाम ग्रामीण में 3240, रतलाम शहर में 2735 व्यक्तियों का टीकाकरण किया गया।



रतलाम के अलकापुरी कम्युनिटी हाल पर वैक्सीनेशन के लिए लगी भीड़। • नईदुनिया



एसडीएम अभिषेक गेहलोत को ज्ञापन सौंपते हुए कांग्रेसी। • नईदुनिया



सैलाना में टीका लगवाती हुई ज्योति चौहान। • नईदुनिया



ग्राम बदनारा में टीकाकरण के लिए उमड़ी भीड़ ने शारीरिक दूरी के नियम को तार-तार कर दिया। • नईदुनिया

### शत-प्रतिशत टीकाकरण वाला पहला गांव बना पंचेड़

महाअभियान के लक्ष्य में रतलाम ग्रामीण क्षेत्र सबसे आगे है। यहां शनिवार तक तय लक्ष्य का 88.37 प्रतिशत टीकाकरण हुआ है। इसमें भी ग्राम पंचेड़ में सभी नागरिकों को टीके लग चुके हैं। गांव में 18 वर्ष से 44 वर्ष के 2351 नामावली अनुसार मतदाता हैं जिनमें से 240 अपात्र, मृतक, गर्भवती महिला या विवाह होने से बाहर चले गए हैं। शेष 2111 को टीका लग चुका है। इसी प्रकार 45 वर्ष से अधिक के 1400 मतदाता में 220 अपात्र को छोड़कर शेष 1180 पात्र व्यक्तियों को पहला डोज लग चुका है। टीकाकरण को सफल बनाने में प्रशासनिक अधिकारी परिविक्षाधीन डिप्टी कलेक्टर कृतिका भीमावद, नायब तहसीलदार मुकेश सोनी, ग्राम पंचेड़ के पटवारी रमेश बैरागी, ग्राम सहायक सचिव श्यामलाल बलसौरा, वैक्सीनेटर शकुंतला बैरागी, अलका राय, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, ने अहम भूमिका निभाई।

### स्वयंसेवकों ने संभाली व्यवस्था

शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा सेवा भाव से गांव के हर पात्र व्यक्ति से संपर्क कर जागरूक किया। गांव में संक्रमण बढ़ने पर आवागमन बंद करवाया और चेक पोस्ट पर उपस्थित रहे। इससे गांव में मात्र 10 दिन में संक्रमण दर 0 पर ले आए। टोली के रूप में टीकाकरण के एक दिन पूर्व प्रचार प्रसार कर टोकन वितरण व्यवस्था संभाली। इसके चलते टीकाकरण स्थल पर भीड़ नहीं लगी

### अव्यवस्था से टीका लगवाने वाले परेशान, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम एसडीएम अभिषेक गेहलोत को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि शहरवासियों के साथ महा वैक्सीनेशन अभियान के नाम पर छलावा किया गया है। अभियान के प्रथम दिन जहां जिले में 152 केंद्र व शहर में सभी 49 वार्डों में केंद्र बनाकर वैक्सीनेशन किया गया, वहीं दूसरे दिन पूरे अभियान की हवा निकल गई। गत चार दिनों से या तो वैक्सीन नहीं लगाई गई या फिर इक्का-दुक्का केंद्रों पर लगाई गई। आगामी लहर को देखते हुए जनता जागरूक होकर वैक्सीन लगवाना चाहती है, लेकिन प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण वापस लौट कर जा रही है। भाजपा नेता और कार्यकर्ता जो पहले दिन गले में चुनाव चि- लगाकर केंद्र पर से वाहवाही लूट रहे थे, वह भी सब गायब हो गए हैं। जनता को कोई जवाब देने वाला नहीं बचा। शनिवार को दोनों केंद्रों पर भारी भीड़ और अव्यवस्था रही। यास्मीन शेरानी, रजनीकांत व्यास, राजीव रावत, कमरुद्दीन कछवाहा, विजयसिंह चौहान, हिम्मत जैतवार, नीलेश शर्मा, मीना बग्गा, संगीता कांकरिया, धर्मेंद्र शर्मा, सुजीत उपाध्याय, जोएब आरिफ, वसीम अली, शांतू गवली, रवि वर्मा, चंद्रप्रकाश पुरोहित, मुकेश मीणा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### महाअभियान में अभी तक टीकाकरण

| ब्लाक | लक्ष्य | टीके लगे |
|---|---|---|
| आलोट | 20000 | 11108 |
| बाजना | 10000 | 5757 |
| सैलाना | 10000 | 7049 |
| जावरा | 20000 | 11218 |
| पिपलौदा | 10000 | 7782 |
| रतलाम ग्रा. | 20000 | 17674 |
| रतलाम शहर | 60000 | 25569 |

### महाअभियान के चार दिन

- 21 जून 38142
- 23 जून 19283
- 24 जून 10791
- 26 जून 17936

### सैलाना में दोपहर में ही लक्ष्य पूरा

सैलाना। नगर में शनिवार को तीन केंद्रों पर टीकाकरण हुआ। बालक उमावि, मांगलिक भवन जूनावास, कुमावत धर्मशाला में में दोपहर तक ही लक्ष्य पूरे हो गया।

नईदुनिया । 27/6/21

नगर निगम में 300 लोग चक्कर काटकर हो रहे परेशान

# सफाई पर नजर रखने कम्प्यूटर ऑपरेटर कर रहे वार्डों में ड्यूटी

**पत्रिका पड़ताल**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** शहर में चल रहे स्वच्छता अभियान अंतर्गत नए नए नवाचार नगर निगम कर रहा है। जब वार्डों में सफाई की स्थिति खराब हुई तो निगम के कम्प्यूटर ऑपरेटर्स को वार्डों में सफाई का दारोगा से लेकर वार्ड प्रभारी बनाकर भेज दिया गया। अब निगम में इससे स्थिति यह है कि काम प्रभावित हो रहा है। कई दस्तावेज में सुधार के लिए 300 से अधिक लोग चक्कर काटकर परेशान हो रहे हैं।

निगम शहर में स्वच्छता को बेहतर बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इसके लिए कभी वार्डों में निरीक्षण करके काम नहीं करने वाले कर्मचारियों को दंड देते हुए हटाा जा रहा है तो कभी उनकी बदली की जा रही है। ऐसे में नए नए प्रयोग के दौरान निगम के कम्प्यूटर ऑपरेटर्स ही वार्डों में लगा दिए गए। इससे किसी ने राशन कार्ड में नाम सही करवाने का आवेदन दिया तो कोई ने समग्र आईडी में सुधार के लिए आवेदन दिया। अब इस प्रकार के लोग काम हो जाए इसके लिए चक्कर काट रहे है।

## 300 पेंडिंग हो गए

निगम अधिकारियों के अनुसार अब तक करीब 300 आवेदन पेंडिंग हो गए है। इनमें राशन कार्ड में भाई का नाम दो बार जुड़ गया से लेकर समग्र आईडी में नाम गलत होने पर सही करवाने वाले चक्कर काट रहे है। इस प्रकार के आवेदन निगम की विभिन्न शाखाओं में पड़े हुए है। अब तक इस मामले में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। ऐसे में आमजन प्रतिदिन कार्यालय समय में सुबह से लेकर शाम तक उम्मीद में आ रहा है कि आवेदन पर निर्णय हो जाए।

## चार माह से काट रहा चक्कर

राशन कार्ड में भाई का नाम दो बार जोड़ दिया व मेरा नाम हटा दिया गया। अब भाई का नाम दो के बजाए एक करने व मेरे नाम को जोड़ने का आवेदन चार माह पूर्व दिया था। तब से अब तक सिर्फ चक्कर काट रहा हूं, क्योंकि कम्प्यूटर ऑपरेटर नहीं है। - **विशाल बरूआ,** इंदिरा नगर

## जल्दी समाधान होगा

इस संबंध में जानकारी है। लॉकडाउन के चलते आमजन का बाहर निकलना ही बंद था, लेकिन जल्दी इस समस्या के समाधान के लिए प्रयास किए जा रहे है। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 27/06/21